RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 03 | ISSUE 73 | TUESDAY DATE 07-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

सुंदर-सुंदर लड़कियां, सुंदर बड़े लिबास।
दुख है चल देंगी सभी, करके बीए पास।
करके बीए पास, रीत है यह दुखदाई।
दिल पर पत्थर धरे, करेंगे चलो विदाई।
कह साहिल कविराय, टीस है दिल के अंदर।
बिछड़ रही हैं सभी, लड़कियां सुंदर-सुंदर।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# यूसीसी और वन नेशन वन इलेक्शन हमारा अगला मिशन : पीएम मोदी

### भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस समारोह पर कार्यकर्ताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया संबोधित

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस समारोह पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) और वन नेशन वन इलेक्शन पार्टी का अगला मिशन होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां हम पार्टी को अपनी मां मानते हैं। इसलिए पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि हम सब कार्यकताओं के लिए एक भावुक अवसर होता है। ये दिन हमें पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका देता है कि पार्टी ने हमें राष्ट्रसेवा का सौभाग्य दिया। मैं देशभर के भाजपा कार्यकताओं और भाजपा को समर्थन करने वाले देश के सभी नागरिकों को भाजपा स्थापना दिवस की बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि इस समय जिन पांच राज्यों में चुनाव है, वहां भी पार्टी में एक नई ऊर्जा देख रहा हूं। कार्यशैली में नयापन देख रहा हूं। ऐसा लग रहा है कि नितिन नवीन ने पार्टी में नवीनता भर दी है। आज भाजपा जिस शिखर पर है, उसकी चमक सबको दिखती है, लेकिन यहां तक पहुंचने में लाखों कार्यकताओं का जो




श्रम है, उन्होंने जो तप और त्याग की पराकाष्ठा की है, वह वही जान सकता है जो इस पार्टी के संकल्पों के लिए समर्पित होकर स्वयं इस साधना का हिस्सा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र की कितनी ही उपलब्धियां भाजपा के नाम पर हैं। देश में लंबे अंतराल के बाद किसी पार्टी को इतना स्पष्ट जनमत मिला है, लेकिन हम इस सफलता की विवेचना करें तो हमें नीयत, नीति, निष्ठा, एक लंबी यात्रा भाली भाति देख सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विशाल और पवित्र वट वृक्ष के नीचे हमें साफ नीयत के साथ सुचिता के साथ राजनीति में कदम रखने की प्रेरणा मिली। फिर शुरूआत के कुछ दशकों में हमने संगठन के लिए नीतियां निर्धारित करने में अपनी ऊर्जा लगाई। फिर उसके बाद जो समय आया जब भाजपा ने पूरी निष्ठा के साथ खुद को एक सशक्त कैडर आधारित पार्टी बनाने में झोंक दी। हमने कार्यकताओं का ऐसा विशाल कैडर खड़ा किया, जिनमें सेवा भावना से काम करने का समर्पण था, जिन्होंने पार्टी के सिद्धांतों को अपने जीवन का आदर्श बनाया और जिन्होंने किसी भी परिस्थिति में अपने मूल्यों से समझौता स्वीकार नहीं किया। सत्ता को प्राथमिकता देने वाली राजनीति का धीरे-धीरे पतन होने लगा और सेवा आधारित राजनीति को धीरे-धीरे लोगों का भारी समर्थन मिलने लगा। आज हमें इस बात का गर्व है कि हमने अपने आचरण से भारत की राजनीति में एक नया सिद्धांत-राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत स्थापित किया। पीएम मोदी ने राजनीतिक संघर्ष के शुरूआती वर्षों को याद करते हुए कहा कि हम 1984 का वह दौर भूल नहीं सकते जब कांग्रेस ने रिकॉर्ड सीटें जीतीं थीं, लेकिन देश की जनता देख रही थी कि कैसे कांग्रेस सत्ता हासिल करके उसके साथ विश्वासघात कर रही है। ऐसे में देशवासियों का भाजपा पर भरोसा बढ़ता रहा और भाजपा धीरे-धीरे चुनाव जीतने लगी। हमारे आने से देश की राजनीति में दो धाराएं बहुत स्पष्ट हो गईं। एक धारा बनी सत्ता आधारित राजनीति की, तो दूसरी धारा बनी सेवा आधारित राजनीति।

# हाई-एंड ड्रग इनोवेशन में अभी भी निर्भरता, नवाचार पर फोकस करना होगा: रक्षामंत्री

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**



भारत दुनिया का एक बड़ा मेडिसिन सप्लायर जरूर है लेकिन हाई-एंड ड्रग इनोवेशन और ओरिजिनल रिसर्च के क्षेत्र में, अभी भी दूसरो पर निर्भरता दिखाई देती है। यह बात सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही।

उन्होंने कहा, 'इसलिए यह समय है, कि हम जेनरिक प्रोडक्शन से आगे बढ़कर, इनोवेशन पर केंद्रित फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें।'

रक्षामंत्री सोमवार को आरआर हॉस्पिटल नई दिल्ली में आर्मी मेडिकल कॉर्प्स रेजिंग डे के अवसर पर बोल रहे थे। रक्षामंत्री ने कहा कि जब भी इस दौर में हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो उसमें केवल सीमाओं की रक्षा शामिल नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। अगर हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे बड़े ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हैं, तो उसके पीछे स्वास्थ्य सुरक्षा की एक बड़ी भूमिका होती है।

रक्षामंत्री ने कहा कि हमें नई दवाओं की खोज, क्लीनिकल रिसर्च को मजबूत करने और ग्लोबल क्वालिटी स्टैंडर्ड को अपनाने पर भी ध्यान देना होगा। एमएसएमई और स्टार्टअप को फार्मा इनोवेशन में जोड़ना, बेहतर टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना और कुशल मैनपॉवर तैयार करना भी जरूरी है। इससे न केवल घरेलू जरूरतें पूरी होंगी बल्कि भारत वैश्विक स्तर पर इन क्षेत्रों में एक लीडर के रूप में भी उभरेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब दुनिया तेजी से बदल रही है, तो डिफेंस और हेल्थकेयर, दोनों क्षेत्रों में भी हमें उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा, 'आज हम सब देख रहें हैं कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है, ऐसे में हेल्थकेयर में एआई आधारित सिम्युलेटर ट्रेनिंग को अपनाना, समय की आवश्यकता बन चुका है। सेना के आर आर हॉस्पिटल ने इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। यही विजन, आर आर हॉस्पिटल एक अस्पताल से कहीं अधिक, एक भरोसे का प्रतीक बनाता है।'

गौरतलब है कि सोमवार सेना के इस बेस हॉस्पिटल के नए, मॉडर्न और स्टेट ऑफ द आर्ट मेडिकल फेसिलिटी का भी निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है।



यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# 'गुरु से आगे निकलने का प्रयास कभी मत करो': आप नेतृत्व से मतभेद के बीच राघव चड्ढा का पोस्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

आम आदमी पार्टी (आप) नेतृत्व के साथ मतभेद के बीच पार्टी के पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अपने हाल ही में किए सोशल मीडिया पोस्ट से एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। राघव चड्ढा ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर नया पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में वह अमेरिकी लेखक रॉबर्ट ग्रीन की बुक 'द 48 लॉ ऑफ पॉवर' पढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। राघव चड्ढा ने अपनी इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा है कि इस हफ्ते किसी ने मुझे एक किताब उपहार में दी। कैसी अनोखी बात है कि समय का तालमेल कैसे बैठता है। इसे अनदेखा



करना मुश्किल था। मैंने पहला अध्याय खोला, जिसके शीर्षक में लिखा है–'नेवर ऑउटशाइन द मास्टर' (कभी भी अपने गुरु से आगे निकलने का प्रयास न करें)। बुक के इस अध्याय में आगे लिखा है कि अपने गुरु को हमेशा खुद से श्रेष्ठ महसूस करवाएं और उनको खुश करने के चक्कर में अपनी प्रतिभा को हद से ज्यादा प्रदर्शित न करें, नहीं तो उसका विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि आप यह कदम उनमें भय या असुरक्षा की भावना जाग्रत कर सकता हैं। अपने बॉस को उनकी वास्तविकता से कहीं ज्यादा योग्य और बुद्धिमान दिखाएं। यह नियम अपनाकर आप सत्ता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। इस संदर्भ में, चड्ढा ने टिप्पणी की, 'समय को नजरअंदाज करना मुश्किल है,' और पोस्ट की एक अन्य स्लाइड में आगे कहा, 'कुछ किताबें ठीक उसी समय आती हैं जब उन्हें आना होता है।' उनकी यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी द्वारा उन्हें राज्यसभा में उपनेता पद से हटाने के हालिया फैसले के संदर्भ में आई है। पार्टी ने यह भी संकेत दिया था कि पंजाब के सांसद को पार्टी के कोटे से उच्च सदन में बोलने का समय आवंटित नहीं किया जाएगा। पार्टी के प्रमुख युवा चेहरों में गिने जाने वाले चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में से हैं। आरोपों का जवाब देते हुए चड्ढा ने सोशल मीडिया पोस्ट की एक श्रृंखला के माध्यम से इन आरोपों का पुरजोर खंडन किया है। हिंदी सिनेमा के उदाहरणों का हवाला देते हुए, उन्होंने 'घायल हूं, इसलिए घातक हूं' और 'पिक्चर अभी बाकी है' जैसे कैप्शन का इस्तेमाल करके अपना पक्ष रखा।

## संक्षिप्त खबरें

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**लोनी, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** कंचन पार्क कॉलोनी निवासी नफीस की पत्नी शमा परवीन का शव शनिवार रात फंदे से लटका मिला। पति ने फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि नफीस पत्नी शमा परवीन और बच्चों के साथ किराये के मकान में रहते हैं। शुरूआती बातचीत में नफीस ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे वह जब कमरे में पहुंचे तब पत्नी को फंदे से लटका देखा। उसे तुरंत उतारकर वह अस्पताल ले गए। तब तक पत्नी की मौत हो चुकी थी। एसीपी ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला सहकर्मी को जबरन कार में बिठाया, रास्ते में की अश्लीलता

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** नोएडा स्थित कॉलिंग कंपनी की महिला कर्मी ने कंपनी मैनेजर के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि 14 मार्च को शक्तिखंड तीन स्थित कंपनी मैनेजर के घर आयोजित शराब पार्टी के बाद मैनेजर ने जबरन कार में बिठाया। घर छोड़ने के बहाने रास्ते में अश्लील हरकतें कीं। साथ ही कार्यालयी जीवन बर्बाद करने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने 20 दिन बाद आरोपी एरन पीटर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में नोएडा सेक्टर 104 निवासी महिला ने बताया कि वह कॉलिंग कंपनी में कार्यरत है। 13 मार्च को नाइट शिफ्ट थी। 14 मार्च तड़के उनके मैनेजर के मकान पर पार्टी का आयोजन किया गया। शराब पार्टी 8:30 बजे तक चली।

## फोन हैक कर क्रेडिट कार्ड से निकाले 2.33 लाख रुपये

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** गोविंदपुरम क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर साइबर ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से 2.33 लाख रुपये निकाल लिए। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कविनगर थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुरम में गौर होम्स सोसायटी निवासी अजय कुमार सक्सेना ने पुलिस को बताया कि उनके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। बीती 31 मार्च को ठगों ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद क्रेडिट कार्ड में पंजीकृत नंबर के माध्यम से 2.33 लाख रुपये निकाल लिए। मामले की सूचना 1930 पर दी गई। साथ ही बैंक पोर्टल को भी सूचित किया गया।

## युवक और उसके दोस्त को पीटने के आरोप में दो पर केस

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** सुंदरपुरी निवासी युवक ने दो व्यक्तियों पर उसे व उसके दोस्त को पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि मामले में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

घटना विजयनगर थाना क्षेत्र में तीन अप्रैल की है। सुंदरपुरी निवासी सतेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह रात 10 बजे अपने मित्र राघव के साथ होराम पब्लिक स्कूल के पास खड़ा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे हरीश व उनका साला लड्डू गुर्जर ने दोनों पर लाठी डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर निकल गए। मामले में विजयनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## लोहे से भरा ट्रक चुरा ले गए चोर

**लोनी, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रीत ब्रदर्स लिमिटेड कंपनी के बाहर खड़े ट्रक को अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। ट्रक में 4200 किग्रा लोहा भरा था। मामला तीन अप्रैल की रात का है। पुलिस ने चार अप्रैल को कंपनी के एचआर हेड जॉय चंद्रा सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में जॉय चंद्रा सिंह ने बताया कि तीन अप्रैल की रात फैक्टरी से 4200 किग्रा लोहा हरियाणा के सोनीपत स्थित केटीटी आईएनसी नामक कंपनी में जाना था। श्रमिकों ने गाड़ी में माल भरकर बाहर ही छोड़ दी। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति मौका पाकर ट्रक चुराकर भाग गया। कुछ देर बाद श्रमिक जब फैक्टरी से बाहर आए तब ट्रक चोरी का पता चला। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक अज्ञात व्यक्ति ट्रक ले जाता दिखाई दिया। तब उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि ट्रक समेत माल की कीमत लाखों में है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## चूल्हा ठंडा पड़ा तो झोला उठा कर गांव कूच करने लगे मजदूर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध की आंच यहां उद्योगों पर भी पड़ रही है। औद्योगिक क्षेत्र में कच्चे माल का संकट तो खड़ा हुआ ही, गैस की किल्लत के चलते मजदूर अपने गांवों के लिए कूच करने लगे हैं। उद्यमियों का कहना है कि प्रत्येक फैक्टरी में करीब 20 से 25 फीसदी कामगार कम हो गए हैं। इसकी वजह से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। साहिबाबाद साइट-4 की दो हजार फैक्टरियों में करीब 50 हजार से अधिक मजदूर कार्यरत हैं। गैस न मिलने की वजह से कामगारों के घरों के चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। उन्हें खाना बनाने की दिक्कत होने लगी, इस वजह से वे एक-एक करके अपने गांव लौटने लगे हैं। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मानें तो गत बीस दिनों में करीब सात हजार से अधिक मजदूर पलायन कर चुके हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है सरकार : सूद

- शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि दिल्ली के प्रत्येक पात्र बच्चे को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिले।

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है ताकि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार मिल सके।

श्री सूद ने सोमवार को शिक्षा निदेशालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश स्तर (नर्सरी/केजी/पहली कक्षा) पर ईडब्ल्यूएस/डीजी एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की श्रेणियों के अंतर्गत प्रवेश हेतु कंप्यूटरीकृत ड्रॉ ऑफ लॉट्स की शुरूआत कर अपने सामने सभी श्रेणियों के ड्रा निकलवाये। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों एवं अन्य संबंधित पक्षों की उपस्थिति में यह ड्रा संपन्न कराया गया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए



प्रतिबद्ध है कि दिल्ली के प्रत्येक पात्र बच्चे को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिले। उन्होंने कहा की इस वर्ष इन सब श्रेणियों में प्रवेश के लिए तकनीकी सुधारों, एनआईसी द्वारा विकसित और स्वीकृत सॉफ्टवेयर और आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से डुप्लीकेट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। इससे वास्तविक लाभार्थियों को प्रवेश के अधिक अवसर प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने कहा इस वर्ष कुल सीटों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इसके साथ ही आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी भी बनाया गया है। इस वर्ष 2025के 26 की तुलना में कुल स्कूलों की संख्या 2219 से बढ़कर 2308 हो गई है।

श्री सूद ने स्पष्ट किया कि ड्रा होने के बाद एक बार परिणाम फ्रीज होने के पश्चात उसमें किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है।

पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं। उन्होंने कहा की इस बार ड्रॉ पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से, पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से आयोजित किया गया है।

विशेष बात यह रही कि अभिभावकों ने स्वयं ड्रा निकाला, जिससे प्रक्रिया पर उनका विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

हमें पूरा विश्वास है कि दिल्ली सरकार की सभी योजनाएं अब और अधिक पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंच रही हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि ड्रा के तुरंत बाद ही बच्चों को स्कूल आवंटित कर दिए गए हैं।

पिछले वर्ष से हमने प्रक्रिया में सुधार किया है। अब अभिभावकों के दस्तावेज मोबाइल पर ही सत्यापित कर लिए जाते हैं, जिससे उन्हें बार-बार स्कूलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।

अगले तीन दिनों के भीतर आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी, ताकि चयनित छात्रों को बिना किसी परेशानी के प्रवेश मिल सके। श्री सूद ने स्पष्ट किया की दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता, पारदर्शी चयन और समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह प्रवेश प्रक्रिया उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मनसुख मांडविया का मल्लिकार्जुन खड़गे पर तंज, कहा-6 करोड़ गुजरातियों का अपमान बर्दाश्त नहीं

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर गुजरात के प्रति 'नकारात्मक मानसिकता' रखने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि खड़गे का यह बयान उनकी सोच को दिखाता है। मनसुख मांडविया ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी की गुजरात और गुजरातियों के प्रति नकारात्मक मानसिकता कोई नई बात नहीं है। चाहे वह सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नजरअंदाज करने का प्रयास हो या नर्मदा बांध परियोजना को रोककर राज्य के विकास में बाधा डालना, कांग्रेस ने हमेशा गुजरात के हितों के खिलाफ काम किया है।' मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणियों का सीधा जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा, 'खड़गे द्वारा दिया गया हालिया बयान भी इसी सोच को दर्शाता है, जो कांग्रेस के भीतर गुजरात के प्रति मौजूद कड़वाहट और दुर्भावना को उजागर करता है।' वहीं, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इन टिप्पणियों को 'अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। भूपेंद्र पटेल ने कहा, 'कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन



खड़गे द्वारा गुजरात की जनता के बारे में दिया गया बयान अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है।'

उन्होंने कहा, 'इस तरह की टिप्पणियां न केवल छह करोड़ गुजरातियों का अपमान करती हैं बल्कि महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की पवित्र भूमि की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती हैं।' उन्होंने कहा, 'गुजरात ने राष्ट्र निर्माण, विकास और एकता में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा। इस तरह के बयान कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाते हैं।' मुख्यमंत्री पटेल ने कहा, 'यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति और उसे मिल रहे व्यापक जनसमर्थन के कारण कांग्रेस कितनी असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है।'

# सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता : रेखा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है।

श्रीमती गुप्ता ने सोमवार को मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन की कोर कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया।

इस संवाद में अलग-अलग यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने अपने मुद्दे, सुझाव और जमीनी स्तर पर आने वाली दिक्कतों को खुलकर सामने रखा।

संवाद के दौरान सफाई कर्मचारियों की भर्ती और नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुख रहा।

इसके अलावा कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी, वेतन से जुड़ी समस्याएं और सेवा से संबंधित अन्य परेशानियों पर भी बात की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ठोस



- उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है।

और व्यावहारिक कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यूनियन द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों की समीक्षा कर जरूरी कार्रवाई की जाए ताकि कर्मचारियों को बेहतर काम करने का माहौल, सुरक्षा और सम्मान मिल सके।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार एक संवेदनशील और जिम्मेदार प्रशासन के रूप में कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा हो और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आए।

# सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ दर्शन के लिए जाएगी विशेष ट्रेन

**5 मई तक फ्री- यात्रा के लिए श्रद्धालु करवा सकते हैं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन**

» **निर्मल सिंह**



पानीपत, यूटर्न/ 06 अप्रैल। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 5 मई को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ दर्शन के लिए एक स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। उन्होंने बताया कि इस स्पेशन ट्रेन को 5 मई को कुरूक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सैनी हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत इस फ्री यात्रा के लिए इच्छुक व्यक्ति सरल पोर्टल पर 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को नांदेड़, अयोध्या और भारत के अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा करने में सक्षम बनाना है। इस योजना का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्रा संबंधी बाधाएं और स्थानीय व्यवस्थाएं वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा में रुकावट न बनें।

उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए वैध फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र), आवेदनकर्ता का परिवार पहचान पत्र नम्बर, आवेदक द्वारा ऑनलाइन स्व-घोषणा कि वह प्रस्तावित यात्रा करने के लिए सभी प्रकार से योग्य है।

# दर्जी राजपूत समाज द्वारा आयोजित कमरों के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री गौरव गौतम एवं अध्यक्ष सतबीर वर्मा

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 06 अप्रैल। दर्जी राजपूत समाज विकास समिति, पलवल द्वारा नए कमरों के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार के खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में सतबीर वर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

समारोह के दौरान समाज की ओर से खेमचन्द दरोगा ने धर्मशाला में हाल निर्माण के लिए अनुदान की मांग मंत्री के समक्ष रखी। इस अवसर पर समाज की ओर से गौरव गौतम और सतबीर वर्मा का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि गौरव गौतम ने दर्जी समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी को दिए जा रहे समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और धर्मशाला में हाल निर्माण के कार्य को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतबीर वर्मा ने कहा कि समाज तेजी से संगठित हो रहा है और यह एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लगातार दूसरी बार संत नामदेव जयंती समारोह में आना तथा समाज के लिए करोड़ों रुपये का अनुदान देना समाज के लिए गर्व की बात है। साथ ही संत नामदेव के नाम पर किसी बड़े सरकारी संस्थान का नामकरण और मध्य प्रदेश की तर्ज पर सिलाई-कढ़ाई कला बोर्ड के गठन का आश्वासन भी समाज के सम्मान को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि छिप्पी, दर्जी, रोहिल्ला, टांक समाज का भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठन को मजबूत करना, महिला शिक्षा को बढ़ावा देना और नशे व कुरीतियों से दूर रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह तन, मन और धन से समाज की सेवा में योगदान दे।

सतबीर वर्मा ने जानकारी दी कि जल्द ही दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर दयानन्द रोहिल्ला, सुरेश रोहिल्ला, विकास रोहिल्ला, राजेन्द्र रोहिल्ला, प्रेम प्रकाश रोहिल्ला, सुनील वर्मा, सतबीर छोकर, भूप सिंह पलवल, ओमप्रकाश सापंला, रामनिवास सोनीपत, कृष्ण रोहिल्ला, दलीप पंवार फरीदाबाद, सुरेश नारनोल, लक्ष्मी सहित हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# 360 डिग्री सेवा समाधान मिशन ने विभिन्न मुद्दों को लेकर शिक्षा अधिकारी के साथ की बैठक

» **निर्मल सिंह**



पानीपत , यूटर्न 6 अप्रैल। 360 डिग्री सेवा समाधान मिशन के प्रतिनिधिमंडल ने सरकारी स्कूल में स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह बूरा से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। 360 डिग्री सेवा संस्थान मिशन द्वारा उपस्थित अभिभावकों को शिक्षा का अधिकार (आरटीई ), चिराग योजना, 134ए सहित अन्य योजनाओं व शिक्षा अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बैठक के उपरांत मिशन के प्रतिनिधिमंडल ने खंड एवं जिला शिक्षा अधिकारियों से मुलाकात कर अभिभावकों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों को उनके समक्ष रखा। अधिकारियों ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष मुद्दों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**प्रमुख मांगें एवं सुझावः** निजी विद्यालयों की मनमानी पर रोकः

निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि, अनावश्यक शुल्क एवं एनसीईआरटी की जगह महंगी किताबों को अनिवार्य करने जैसी समस्याओं पर नियंत्रण हेतु सख्त नियम एवं फीस रेगुलेशन लागू करने की मांग की गई।

**आरटीई 2009 एवं चिराग योजना का प्रभावी क्रियान्वयनः** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का वास्तविक लाभ मिले, इसके लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया लागू करने की मांग रखी गई।

**धारा 134- ए को पुनः लागू करने एवं चिराग योजना में सुधारः**

गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए धारा 134ए को पुनः लागू करने एवं चिराग योजना को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की मांग की गई।

**सरकारी विद्यालयों में सुधारः** सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों की उपलब्धता, डिजिटल शिक्षा एवं गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई।

**शिक्षा समाधान हेतु स्थायी तंत्रः** राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर हेल्पलाइन/ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध शिकायत समाधान प्रणाली विकसित करने का सुझाव दिया गया।

360 डिग्री सेवा समाधान मिशन के अध्यक्ष सोकेन्द्र बालियान ने कहा कि मिशन का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं का समग्र (360°) समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं न्यायसंगत शिक्षा प्राप्त हो सके। मिशन ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक एवं प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।




# शिवली में अपराधियों पर जारी इंस्पेक्टर अमरेंद्र का प्रहार, राजा बाबू की हत्या में प्रेमिका समेत तीन गिरफ्तार

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 06 अप्रैल। पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में अग्रणी शिवली पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता ने 2 मार्च को मकरंदपुर बंधा के पास रामगंगा नहर रोड किनारे हुए बहुचर्चित राजा बाबू हत्याकांड का सटीक खुलासा करते हुए दस्तमपुर थाना अकबरपुर निवासिनी 19 साल की प्रेमिका कोमल पुत्री लालाराम,सागर राजपूत पुत्र शिवनारायन निवासी ग्राम झखरा थाना सचेण्डी, कानपुर नगर और बाल अपचारी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मृतक राजाबाबू पुत्र रामलखन वर्मा निवासी ग्राम झखरा थाना सचेण्डी कानपुर नगर का मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त चाकू, प्रेमिका कोमल, सागर राजपूत और बाल अपचारी से भी एक एक मोबाइल फोन और घटना को अंजाम देते समय अभियुक्त सागर राजपूत द्वारा पहनी शर्ट भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। अब शेष बचे फरार एक आरोपी की तलाश भी लगातार की जा रही है। मृतक की कॉल डिटेल में नाम सामने आने पर पूछताछ में मंगेतर कोमल द्वारा हत्या की पूरी साजिश कबूलने से निकले निष्कर्ष के मुताबिक कोमल का पहले सागर से प्रेम संबंध,इस प्रेम संबंध के टूटने के बाद कोमल की राजाबाबू से नजदीकियां, फिर दोनों की मंदिर में शादी के बाद परिवार वालों द्वारा भी 7 मई को उनकी विधिवत शादी तय करना। इसी बीच सागर द्वारा कोमल को अपने प्रेमजाल में फिर फंसाना, जिसके बाद दोनों द्वारा रास्ते से हटाने के लिए रची गई साजिश के अनुरूप राजा बाबू की हत्या की घटना को अंजाम देना, जिसकी सच्चाई निष्पक्ष और पारदर्शी गहन जांच विवेचना से प्रमाणित भी हो गई। अवगत कराते चलें कि आम जनमानस के हित में शांति और कानून व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस शिवली पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने राजा बाबू हत्याकांड का सटीक खुलासा किया है, आजकल उस शिवली थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी स्वभाव के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के हाथ में है।

# दिल्ली की जनता को बेहतर हवा और जीवन देना हमारी प्राथमिकताः मनजिंदर सिंह सिरसा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अब वायु प्रदूषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज कर रही है।इसी दिशा में सोमवार को पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी), नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस), दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीटीआईडीसी) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 22 नई और असरदार तकनीकों के ट्रायल को तेज करना था, जिन्हें देशभर से आई 284 एंट्री में से चुना गया है।



मंत्री सिरसा ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे इन ट्रायल्स के लिए पूरी मदद करें—जैसे जगह की अनुमति देना, डिवाइस लगाने की इजाजत देना, बिजली की व्यवस्था करना और एनओसी जारी करना। उन्होंने कहा कि साइट की अनुमति, गाड़ियों की व्यवस्था और बिजली कनेक्शन में देरी नहीं होनी चाहिए।इन ट्रायल्स का समय पर पूरा होना बहुत जरूरी है ताकि दिल्ली को साफ हवा के लिए सही और काम करने वाले समाधान मिल सकें।

दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किया गया यह इनोवेशन चैलेंज कम लागत और बड़े स्तर पर लागू किए जा सकने वाले ऐसे समाधान ढूंढने पर केंद्रित है, जो पीएम2.5 और पीएम10 जैसे प्रदूषकों को कम कर सकें—चाहे वह गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या वातावरण में मौजूद धूल।

शुरूआत में 284 एंट्री आई थीं, जिनमें से 48 को डीपीसीसी द्वारा चुना गया और आगे स्वतंत्र तकनीकी मूल्यांकन समिति (आईटीईसी) को भेजा गया। आईआईटी दिल्ली, सीपीसीबी, एआरएआई (पुणे), एनपीएल, डीटीयू और मारुति सुजूकी के विशेषज्ञों वाली इस कमेटी ने जांच के बाद 22 इनोवेशन को ट्रायल के लिए चुना।

# बरवाला में रमेश बैटरीवाला के कार्यालय पहुंचे निदेशक डॉ. वीरेंद्र चौहान, स्वागत के साथ मनाया जन्मदिवस

» **हरियाणा, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान के बरवाला आगमन पर नगर परिषद अध्यक्ष रमेश बैटरीवाला के कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन रमेश बैटरीवाला ने एवं मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके सम्मान में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान डॉ. चौहान का जन्मदिवस भी बड़े ही उत्साह और खुशी के साथ केक काटकर मनाया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इसके पश्चात एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद बरवाला के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला ने की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वे हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित 'अक्षरम' कार्यक्रम में भाग लेकर लौट रहे थे और इसी दौरान उन्हें बरवाला आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा प्रदेश के पंच, सरपंच, जिला परिषद सदस्यों एवं ब्लॉक समिति के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देकर ग्राम स्तर पर प्रशासनिक क्षमता को सुदृढ़ किया जा रहा है। उनका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को और अधिक मजबूत, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सबसे बड़ी आवश्यकता ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने की है। इसके लिए संस्थान निरंतर प्रयासरत है और जनप्रतिनिधियों को आधुनिक प्रशासन, पारदर्शिता एवं विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ. चौहान ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि विपक्ष द्वारा वीबी जीरामजी के संबंध में किए जा रहे दुष्प्रचार को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि सत्य को सामने लाया जा सके और भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# MRP 100, दवा बनती 30 पैसे में: पुलिस के डर से 10 फीट गड्ढा कर दबा दी थीं दवाएं, पुलिस ने JCB से निकालीं

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

नकली दवाएं बनाकर बेचने के आरोप में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सबसे पहले निखिल अरोड़ा उर्फ सन्नी को दबोचा। इससे पूछताछ के बाद टीम आरोपी शिवम त्यागी के घर पहुंची तो वहां पुलिस को कुछ नहीं बरामद हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर शिवम ने बताया कि पुलिस के डर से उसने करीब 10 फीट गहरा गड्ढा खोदकर दवाओं को दफना दिया है। टीम ने जेसीबी मशीन के जरिये शिवम की बताई जगह पर खुदाई कराई तो करीब 40 हजार टैबलेट और कैप्सूल दफन मिले।



**100 रुपये एमआरपी की दवा बनाने में महज 30 पैसे का खर्चा:** छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी निखिल अरोड़ा का भागीरथ पैलेस में थोक में दवा बेचने का पुराना कारोबार है। वह लभभग सभी नामी कंपनियों की दवाएं बेचता था। निखिल ने खुलासा किया है कि वह पिछले कई साल से शिवम, मयंक और मोहित के संपर्क में था। यह तीनों ही उसे दवाएं सप्लाई करते थे। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपियों ने खुलासा किया है कि 100 रुपये एमआरपी की दवा बनाने में महज 30 पैसे का खर्चा आता है। बाद में इन दवाओं को एमआरपी के 20 से 25 फीसदी कीमत पर होलसेलर को बेच दिया जाता था। इस तरह मोटा मुनाफा कमाया जाता था। जांच के दौरान आरोपियों ने बताया है कि वह लगभग सभी कंपनियों की दवा बनाकर बेचते थे।

**मयंक अग्रवाल के खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज:** पुलिस की छानबीन में पता चला है कि आरोपी मयंक अग्रवाल के खिलाफ पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने वर्ष 2013 में मामला दर्ज किया था। इसके बाद मुरादनगर, गाजियाबाद में जनवरी 2026 में एक और मामला दर्ज किया था। आरोपी मयंक लगातार नकली दवा बेचने के मामलों में शामिल रहा है। पुलिस इनके बाकी नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**एक से डेढ़ लाख में उपलब्ध कराते थे फर्जी कंपनियां:** पुलिस की पूछताछ में आरोपी राहुल और शाहरुख ने खुलासा किया है दवाओं को बेचने के लिए बनाने वाले बिल के लिए आरोपी फर्जी कंपनियां बनवाते थे। जितने मोटे बिल होते थे, उसके हिसाब से कंपनी की कीमत होती थी। आरोपी एक लाख से डेढ़ लाख रुपये में दवा कारोबारियों कंपनी बनाकर देते थे। फिलहाल दोनों के पास से करीब 150 फर्जी कंपनियों का पता चला है। राहुल ने खुलासा किया है कि फर्जी कंपनी इन लोगों को भी कोई दूसरा व्यक्ति 20 से 25 हजार में देता था। पुलिस इनके बाकी साथियों की तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### वेल्डिंग मशीन चुराकर भाग रहे चोर को दबोचा

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** थानाक्षेत्र की सर्वोत्तम सोसायटी से चोरी करके भाग रहे एक युवक को सोसायटी के सुरक्षा अधिकारी अतुल कुमार ने दबोच लिया। उसके पास से चोरी की गई वेल्डिंग मशीन बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला तीन अप्रैल की शाम का है। पुलिस ने चार अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज मामले में अतुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे एक अंजान युवक सोसायटी के स्टोर रूम में घुसा और वहां रखी वेल्डिंग मशीन चुराकर भागने लगा। सुरक्षा कर्मियों ने उसे देखकर पकड़ने का प्रयास किया। करीब आधा किमी तक दौड़कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने खुद को सोसायटी के ही पास स्थित झुग्गी-झोपड़ी का रहने वाला अरवाज बताया। प्रभारी एसीपी इंदिरापुरम श्वेता यादव ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार की है।

### दोस्त के साथ गया किशोर नहीं लौटा, अपहरण का आरोप

**खोड़ा, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** थानाक्षेत्र के इंद्रा विहार निवासी मोहम्मद शाहिद खान का 17 वर्षीय बेटा तीन अप्रैल से लापता है। उन्होंने बेटे के दोस्त निखिल थापा पर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रात प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। दर्ज मामले में मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि तीन अप्रैल को बेटा घर पर सो रहा था। सुबह पांच बजे बेटे का दोस्त निखिल थापा स्कूटी लेकर घर पहुंचा। घर से बेटे को साथ लेकर चला गया। इसके बाद से बेटा वापस ही नहीं लौटा। काफी देर तक बेटे के न लौटने पर उन्होंने तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू की। प्रभारी एसीपी इंदिरापुरम श्वेता यादव ने बताया कि दो टीमें किशोर की तलाश कर रही हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### इंदिरापुरम में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** वार्ड-79 के अभय खंड, न्याय खंड एक और ज्ञान खंड एक में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई तेज हो गई है। शनिवार देर रात पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

# संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण पर होगी चर्चा : प्रवीण खंडेलवाल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने संसद के विशेष सत्र के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि इस सत्र में महिला आरक्षण पर चर्चा होगी। इस दौरान महिला आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और हमें पूरा विश्वास है कि इससे लोगों का मत काफी मजबूत होगा, जिससे हमें आगे चलकर काफी सहूलियत भी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जब कभी महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होती है, तो विचार विमर्श का दायरा बढ़ता है। आज की तारीख में हर क्षेत्र में महिलाएं बराबरी के साथ काम कर रही है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की वजह से विख्यात हो रही हैं, जिनका हमें स्वागत करना चाहिए।

भाजपा सांसद ने कहा कि अब जब हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, तो राजनीति के क्षेत्र में महिलाएं क्यों पीछे रहे? इस सवाल का भी उठना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि हम तो चाहते हैं कि इस पूरे मामले में लोगों के बीच में एकरूपता की स्थिति पैदा हो, लेकिन विपक्षी दलों ने इस पूरे मामले में



पूरी तरह से अलग रुख अख्तियार कर लिया है, तो हम क्या ही कर सकते हैं।

इसके अलावा उन्होंने यह साफ कर दिया कि हमें किसी भी बिंदु की तरफ कोई ध्यान नहीं देना चाहिए। महिला सशक्तीकरण हमेशा से ही भाजपा की प्राथमिकता की सूची में हमेशा से रहा है। इसे लेकर लोगों के बीच में किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस पूरे मामले में एक तरह का नया नेरेटिव स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसे लोगों के बारे में मैं यही कहना चाहूंगा कि ये लोग हताश और निराश हैं।

# सीमेंट से लदे ट्रक ने कार में मारी टक्कर

**खोड़ा, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** थानाक्षेत्र स्थित एनएच 24 दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर सीमेंट के लदे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामला एक अप्रैल की देर रात का है। कार मालिक दिल्ली के शाहदरा स्थित अशोक नगर निवासी तीर्थ नाथ सारस्वत की तहरीर पर चार अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें ट्रक चालक दिल्ली के गाजीपुर पश्चिमी स्थित कंटेनर हब निवासी देवराज कुमार को नामजद किया गया है।

तीर्थ नाथ सारस्वत ने बताया कि एक अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे वह नोएडा सेक्टर 62 से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में सीमेंट से लदे ट्रक ने उनकी कार में तेज रफ्तार व अनियंत्रित स्थिति में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह बाल-बाल बचे। लेकिन उनकी




कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक के नंबर से मालिक का पता लगाकर उन्होंने संपर्क किया। तब ट्रक मालिक ने चालक की गलती मानते हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई करने की बात कही। आरोप है कि अब ट्रक मालिक उनकी कॉल भी नहीं उठा रहे और न ही नुकसान की भरपाई कर रहे हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 1.90 लाख रुपये ठगे

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** थानाक्षेत्र के आम्रपाली विलेज निवासी चांद रैना से अज्ञात व्यक्ति ने उनके बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर 1.90 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद न तो नौकरी लगी और न ही रुपये वापस मिले। मामला वर्ष 2025 का है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच अप्रैल को नोएडा सेक्टर 6 स्थित प्लेसमेंट कंपनी हेनरी हार्विन एजुकेशन में कार्यरत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

चांद जी रैना ने बताया कि मई 2025 में वह बेटे शिवाक्ष के साथ हेनरी हार्विन एजुकेशन के कार्यालय गए थे। यहां कार्यरत अधिकारी ने उन्हें सैप एमएम नामक कोर्स की जानकारी दी। कोर्स के बाद विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से साक्षात्कार की कॉल आने और नौकरी लगने का वादा किया। इसके बाद वह बेटे को कोर्स कराने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने कोर्स की फीस बतौर 55,000 रुपये दिए। इसके अलावा जॉब सुरक्षा के नाम पर फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर 1,35,000 रुपये आरोपी को दिए। बताया कि बेटे ने निश्चित समय सीमा से पहले ही कोर्स पूरा कर लिया।

# दिल्ली विधानसभा परिसर के हाई-सिक्योरिटी गेट को तोड़कर घुसी कार, जांच में जुटी पुलिस

- दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ते सहित कई टीमें मौके पर पहुंचीं और गहन जांच शुरू कर दी। घटनास्थल की जांच करने और सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की एक टीम को भी तैनात किया गया है।



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार दोपहर दिल्ली विधानसभा परिसर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चलाई जा रही कार ने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया। कार परिसर की लोहे की बाउंड्री के एक गेट को तोड़कर अंदर घुस गई, जिससे एक बड़ा सुरक्षा अलर्ट जारी हो गया। अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली इस गाड़ी के अंदर कई अज्ञात नकाबपोश लोग सवार थे। यह गाड़ी दोपहर करीब 2 बजे गेट नंबर 2, जिसे वीवीआईपी गेट के तौर पर जाना जाता है, को तोड़कर परिसर में दाखिल हुई, जिससे सुरक्षाकर्मियों के बीच तुरंत हड़कंप मच गया। पुलिस ने आगे बताया कि परिसर में घुसने के बाद, ड्राइवर ने बरामदे के पास फूलों का एक गुलदस्ता रख दिया।

अधिकारी इस घटना को सुरक्षा में एक गंभीर चूक मान रहे हैं। घुसपैठ की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की और इलाके को फौरन सुरक्षित कर लिया गया। दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ते सहित कई टीमें मौके पर पहुंचीं और गहन जांच शुरू कर दी। घटनास्थल की जांच करने और सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की एक टीम को भी तैनात किया गया है।

इस घटना ने विधानसभा परिसर में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्तता और प्रभावशीलता को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी कर दी हैं। यह परिसर वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और विधायकों की नियमित मौजूदगी के कारण एक अत्यंत संवेदनशील और सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है।

अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के बावजूद यह गाड़ी बैरिकेड्स को तोड़कर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने में कामयाब कैसे रही। साथ ही, इसमें शामिल लोगों की पहचान करने और उनके इरादों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। यह घटना हाल ही में संपन्न हुए बजट सत्र के दौरान विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के कुछ ही समय बाद हुई है, जिससे इस हाई-प्रोफाइल परिसर में सुरक्षा तैयारियों को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं।

इससे पहले 25 मार्च को, दिल्ली विधानसभा को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई की थी। धमकी भरे संदेश में दावा किया गया था कि विधानसभा परिसर के अंदर आरडीएक्स-आधारित 16 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगाए गए हैं और उन्हें उड़ाने की योजना है।

# चार घंटे की कटौती से रोजाना पांच करोड़ का उत्पादन प्रभावित

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

दिल्ली से सटे ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी औद्योगिक क्षेत्र (ट्रोनिका सिटी) के करीब 2500 उद्योग अघोषित बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से जूझ रहे हैं। उद्यमियों का कहना है कि रोजाना करीब चार घंटे की कटौती से कम से कम पांच करोड़ रुपये का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस तरह हर महीने करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है।

इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ऑफ एमएसएमई के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बताया कि दिन में तीन बार करीब एक-एक घंटे की बिजली कटौती हो रही है। इसके अलावा बार-बार फाल्ट आने से उत्पादन ठप हो जाता है। बिजली जाने के बाद मशीनों और हीट प्लांट को दोबारा शुरू करने में 35 से 40 मिनट का समय लगता है, जिससे उत्पादन और प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को उद्योग बंधु की बैठक में भी उठाया जा चुका है।

एक रुपये मीटर के हिसाब से बिजलीघर के लिए दी गई थी जमीन



उद्यमी अरुण गुप्ता के अनुसार, करीब 25 साल पहले ट्रोनिका सिटी में उद्योग स्थापित करते समय बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए ऊर्जा निगम को विद्युत उपकेंद्र बनाने हेतु यूपीसीडा ने एक रुपये प्रति मीटर के हिसाब से जमीन उपलब्ध कराई थी। वर्तमान में 220 केवी के बिजलीघर से केवल आधे औद्योगिक क्षेत्र को ही आपूर्ति मिल रही है, जबकि बाकी बिजली लोनी के आवासीय क्षेत्रों में भेजी जा रही है। शेष उद्योगों को मंडोला बिजलीघर से सप्लाई दी जा रही है, जो औद्योगिक क्षेत्र से करीब सात किलोमीटर दूर है। फाल्ट आने पर लंबी लाइन की जांच में घंटों लग जाते हैं, जिससे आपूर्ति बाधित रहती है। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री से भी शिकायत की जा चुकी है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मेसाबी मेटालिक्स ने मैक्वेरी ग्रुप से 150 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की

» नैशवॉक, मिनेसोटा, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



एस्सार समूह द्वारा समर्थित मेसाबी मेटालिक्स कंपनी एलएलसी (मेसाबी मेटालिक्स) ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मैक्वेरी समूह से 150 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की है, जो मिनेसोटा के नैशवॉक में स्थित उसके विश्व स्तरीय डायरेक्ट रिडक्शन (डीआर) ग्रेड लौह अयस्क खदान और पेलेट संयंत्र के 2026 की तीसरी तिमाही में शुरू होने में सहायक होगा। यह नई फंडिंग संरचनात्मक रूप से महत्वपूर्ण अमेरिकी लौह अयस्क परियोजना के लिए हाल ही में प्राप्त पूंजीगत गति को और मजबूत करता है।

यह फंडिंग मेसाबी द्वारा हाल ही में ब्रेकवॉल कैपिटल के साथ घोषित 520 मिलियन डॉलर की सीनियर सिक्योर्ड क्रेडिट फैसिलिटी के बाद आया है, जो परियोजना के पीछे के मजबूत रुझान को दिखाता है।

मेसाबी को हाल ही में अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक से भी समर्थन प्राप्त हुआ है, जो अमेरिकी विनिर्माण, अवसंरचना, ऑटोमोटिव, जहाज निर्माण और रक्षा के लिए परियोजना के बढ़ते रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। मेसाबी मेटालिक्स रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अमेरिकी लौह अयस्क का एक नया स्रोत ऐसे समय में स्थापित कर रही है, जब संयुक्त राज्य अमेरिका औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और आयातित कच्चे माल पर निर्भरता कम करने के लिए प्रयासरत है। उत्तरी मिनेसोटा में 16,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थित, मेसाबी मेटालिक्स 2.5 बिलियन डॉलर की लागत से विश्व स्तरीय लौह अयस्क खदान और पेलेट संयंत्र का निर्माण पूरा कर रही है। वर्तमान में 800 से अधिक निर्माण श्रमिक साइट पर कार्यरत हैं, यह परियोजना मिनेसोटा के इतिहास में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े औद्योगिक निवेशों में से एक है। एस्सार समूह ने पहले ही इस परियोजना में 2 बिलियन डॉलर से अधिक का इक्विटी निवेश किया है। मेसाबी मेटालिक्स के अध्यक्ष और सीईओ जो ब्रोकिंग ने कहा, 'मैक्वेरी से प्राप्त यह फंडिंग मेसाबी मेटालिक्स के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है और हाल ही में घोषित वित्तीय साझेदारियों के माध्यम से हमने जो मजबूत गति हासिल की है, उसे और आगे बढ़ाता है।' ब्रोकिंग ने आगे कहा, 'ये लेन-देन मिलकर हमारी परियोजना की गुणवत्ता, पैमाने और रणनीतिक महत्व में बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं.

## आईईएक्स पर वित्त वर्ष 2025-26 में बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार में रिकॉर्ड वृद्धि

सालाना आधार पर बिजली का कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 141 अरब यूनिट हो गया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** भारतीय ऊर्जा बाजार में वित्त वर्ष 2025-26 आईईएक्स (इंडियन एनर्जी एक्सचेंज) के लिए नए रिकॉर्ड लेकर आया। सालाना आधार पर बिजली का कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 141 अरब यूनिट हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वृद्धि का मुख्य कारण रियल-टाइम बाजार का मजबूत प्रदर्शन है, जिसने बाजार को अधिक सक्रिय और प्रतिस्पर्धात्मक बनाया। वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में आईईएक्स पर बिजली का कारोबार 39.4 अरब यूनिट तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक तिमाही स्तर है और सालाना आधार पर 24.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मार्च 2026 में मासिक स्तर पर भी कारोबार 13.90 अरब यूनिट तक बढ़ गया, जो पिछले साल की तुलना में 23.5 प्रतिशत अधिक है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) कारोबार भी मजबूत रहा। पूरे वित्त वर्ष में कुल 187.20 लाख आरईसी का लेन-देन हुआ, जो सालाना आधार पर 5 प्रतिशत अधिक है। जनवरी-मार्च तिमाही में 71.70 लाख आरईसी का कारोबार दर्ज हुआ, जबकि मार्च 2026 में यह आंकड़ा सालाना आधार पर 119.9 प्रतिशत बढ़कर 28.94 लाख तक पहुंच गया। 'डे-अहेड मार्केट' में अगले दिन की आपूर्ति के लिए सौदों का मूल्य सालाना आधार पर 13.7 प्रतिशत घटकर 3.86 रुपये प्रति यूनिट रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### होर्मुज तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेज की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई चेतावनी के बाद बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत बढ़कर 109.8 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। वहीं रवीवार को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.4 फीसदी बढ़कर 110.60 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जबकि अमेरिकी क्रूड (डब्ल्यूटीआई) में 1.8 फीसदी की तेजी आई और यह 113.60 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर होर्मुज को तुरंत नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला किया जा सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका कड़े सैन्य कदम उठा सकता है। इस बयान के जवाब में एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा परिस्थितियों में जलडमरूमध्य नहीं खोला जाएगा। उनका कहना था कि जब तक युद्ध से हुए नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होती, तब तक यह मार्ग बंद रहेगा।

### जिंदल स्टील ने ईंधन संकट में सिंगैस का इस्तेमाल शुरू किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** ईंधन की कमी के बीच जिंदल स्टील ने अपने उच्च तापमान वाली भट्ठियों में सिंथेसिस गैस (सिंगैस) का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे प्राकृतिक गैस, एलपीजी और प्रोपेन की आपूर्ति में व्यवधान के बावजूद उत्पादन में निरंतरता बनी। यह इस्पात उद्योग में ऐसा पहला प्रयास है। सिंथेसिस गैस एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है जो अपशिष्ट और जैविक पदार्थों को ऊर्जा में बदलता है। जिंदल स्टील ने इसे कोयले के गैसीकरण से तैयार किया है। इसके इस्तेमाल से गैल्वनाइजिंग लाइन में इस्पात पर जस्ता की परत और कलर कोटिंग लाइन में धातु पर रंग की परत चढ़ाने वाली भट्ठियों का संचालन सुचारू हुआ। कंपनी ने देश का पहला डीआरआई संयंत्र स्थापित किया है, जिसमें सिंगैस का इस्तेमाल लोहे के उत्पादन में होता है। इसके साथ ही ब्लास्ट फर्नेस में सिंगैस इंजेक्शन से आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता कम हुई और प्रति टन इस्पात कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई। अंगुल संयंत्र के एक कार्यकारी निदेशक के अनुसार स्वदेशी कोयले से तैयार सिंगैस आयातित गैस, अमोनिया और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का विकल्प बन सकता है।

# 5 हफ्तों में 18 करोड़ LPG सिलेंडर वितरित 97% बुकिंग ऑनलाइन: केंद्र




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश में बीते पांच हफ्तों में करीब 18 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए हैं और प्रतिदिन करीब 50 लाख एलपीजी सिलेंडर को घरों तक पहुंचाया जा रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कुल एलपीजी बुकिंग में ऑनलाइन की हिस्सेदारी 97 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। डायवर्जन रोकने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी सिस्टम लागू किया गया है और लगभग 90 प्रतिशत डिलीवरी इसी के माध्यम से हो रही है। सभी डिस्ट्रीब्यूटर छुट्टी और रविवार को भी खुले रह रहे हैं ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे।

शर्मा ने आगे कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है और सरकार द्वारा अतिरिक्त कार्गो की भी व्यवस्था की गई है। एलपीजी की कमी से जुड़े सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर शर्मा ने कहा, 'हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर सप्लाई को लेकर कुछ वीडियो और क्लिप्स प्रसारित हो रहे हैं। इस संदर्भ में मैं स्पष्ट करना चाहूंगी कि पिछले दो दिनों से ऑयल और गैस मार्केटिंग कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें सीएमडी भी शामिल हैं, फील्ड में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं।'

इसके साथ ही राज्य सरकारों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं, ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे और कहीं भी ब्लैक मार्केटिंग या जमाखोरी जैसी गतिविधियों को तुरंत रोका जा सके।

शर्मा ने आगे बताया कि कमर्शियल एलपीजी का आवंटन मांग के 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। मध्य पूर्व में तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस कारण घरेलू उपभोक्ताओं को आपूर्ति में प्राथमिकता दी गई, हालांकि, कमर्शियल आपूर्ति में कुछ कटौती हुई है।

वैश्विक स्तर पर आपूर्ति में व्यवधान आने के बाद भी सरकार ने बीते तीन हफ्तों में 79,900 टन कमर्शियल एलपीजी पहुंचाई है, जो करीब 42 लाख 19 किलो वाले सिलेंडर के बराबर है।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में 14 महीने में सबसे धीमी रही: पीएमआई

मार्च में नए कारोबार की वृद्धि धीमी रही, लेकिन नए निर्यात आदेशों में तेज उछाल दर्ज किया गया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** देश के सेवा क्षेत्र में मार्च 2026 में विस्तार जारी रहा, लेकिन वृद्धि की गति पिछले 14 महीनों में सबसे धीमी रही। एचएसबीसी इंडिया द्वारा जारी मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, मौसमी रूप से समायोजित सेवा पीएमआई कारोबार सूचकांक फरवरी के 58.1 से घटकर मार्च में 57.5 पर आ गया। पीएमआई में 50 से ऊपर अंक गतिविधियों के विस्तार और 50 से कम अंक संकुचन का संकेत देते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मार्च में नए कारोबार की वृद्धि धीमी रही, लेकिन नए निर्यात आदेशों में तेज उछाल दर्ज किया गया। कंपनियों ने अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका और पश्चिम एशिया से मांग बढ़ने की बात कही। सर्वेक्षण में यह भी बताया गया कि बिक्री मूल्य मुद्रास्फीति सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि कच्चे माल की लागत में तेज वृद्धि हुई। फरवरी के बाद खाना पकाने का तेल, अंडे, बिजली, फल, ईंधन, श्रम, मछली, चिकन, मीट और सब्जियों की कीमतें बढ़ीं। निजी क्षेत्र में लागत दबाव लगभग चार वर्ष में सबसे अधिक रहा। रोजगार में लगातार तीसरे महीने वृद्धि दर्ज हुई। कंपनियों का मानना है कि बढ़ते विश्वास और मांग के कारण नौकरी सृजन मजबूत रहा। उत्पादन के दृष्टिकोण में कंपनियों की आशावादिता पिछले 12 वर्षों में सबसे अधिक रही।

## भारत के सर्विस सेक्टर में मार्च में गतिविधियां बढ़ीं अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स से मिला सपोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



भारत के सर्विस सेक्टर में मार्च में गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। इसे अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स से सपोर्ट मिला है। हालांकि, घरेलू नए बिजनेस की ग्रोथ में नरमी आई है, लेकिन व्यवसायों के आत्मविश्वास में बढ़त दर्ज की गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च में भारत का सर्विसेज पीएमआई 57.5 रहा है। यह लंबी अवधि के औसत 54.4 से अधिक है।

रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनियों ने 2025 के मध्य के बाद से सबसे तेज गति से रोजगार में वृद्धि दर्ज की और लगभग 12 वर्षों में उत्पादन के लिए सबसे मजबूत दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

रिपोर्ट में कहा गया, 'पैनलिस्टों के अनुसार, नए कारोबार में वृद्धि से विकास को बल मिला, लेकिन मध्य पूर्व युद्ध से मांग, बाजार की स्थितियों और पर्यटन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के कारण उत्पादन सीमित रहा।' वास्तव में, नए काम के लिए भर्ती में वृद्धि हुई, लेकिन पिछले वित्तीय तिमाही के अंत में यह गति जनवरी 2025 के बाद से सबसे धीमी रही।

सर्विस इकोनॉमी के चार प्रमुख क्षेत्रों में से तीन में बिक्री में धीमी वृद्धि देखी गई, जिनमें वित्त एवं बीमा, अचल संपत्ति एवं व्यावसायिक सेवाएं और परिवहन, सूचना एवं संचार शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'मार्च में भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन की वृद्धि दर पिछले 14 महीनों में सबसे धीमी रही, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों की वृद्धि में आई मंदी को दर्शाती है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में लगभग रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि के मुकाबले यह धीमी है।

# विप्रो ने ओलाम समूह से किया एक अरब डॉलर का करार

कंपनी की माइंडस्प्रिंट को 37 .5 करोड़ डॉलर में खरीदने की योजना

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 अप्रैल।




सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी विप्रो ने सिंगापुर स्थित खाद्य एवं कृषि कारोबार समूह ओलाम के साथ आठ वर्ष का बहुवर्षीय रणनीतिक समझौता किया है। इस करार का अनुमानित मूल्य 1 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जिसमें 80 मिलियन डॉलर का सुनिश्चित व्यय शामिल है। इसके तहत विप्रो, ओलाम की आईटी और डिजिटल सेवा इकाई माइंडस्प्रिंट प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी। विप्रो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह समझौता कंपनी की 'फार्म से फोर्क' क्षमताओं को बढ़ाने और खाद्य एवं कृषि उद्योग में डिजिटल प्रभाव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। माइंडस्प्रिंट की स्थापना 2007 में सिंगापुर में हुई थी और कंपनी के 3,200 से अधिक कर्मचारी भारत, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिम एशिया में कार्यरत हैं। कंपनी ने 2025 में 13.56 मिलियन डॉलर का समेकित राजस्व दर्ज किया। ओलाम समूह, जिसकी प्रमुख हिस्सेदारी टेमासेक होल्डिंग्स के पास है, दुनिया भर में 60 से अधिक देशों में लगभग 22,000 ग्राहकों को खाद्य पदार्थ, सामग्री, पशु चारा और रेशे की आपूर्ति करता है। यह अधिग्रहण ओलाम समूह की पुनर्गठन योजना के अनुरूप है, जिसके तहत समूह अपनी शेष परिसंपत्तियों और कारोबारों को जिम्मेदारीपूर्वक बेचकर विशेष लाभांश के रूप में शेयरधारकों में वितरित करेगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### टास्क और रेटिंग के नाम पर 2.63 लाख की ठगी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** साइबर ठगों ने वर्क फ्रॉम होम और रेटिंग टास्क के नाम पर सेक्टर-22 निवासी युवक से ठगी कर ली। युवक से फोन की रेटिंग करने और ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर जालसाजों ने करीब 2.63 लाख रुपये ले लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज किया है। पीड़ित अंकुश पठानिया ने पुलिस को बताया कि नौ और दस मार्च को उनसे व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिये संपर्क किया गया। पहले उन्हें एक टास्क दिया गया जिसमें फोन की रेटिंग करनी थी। इसके बदले उनके खाते में 150 रुपये भेजे गए। भरोसा जीतने के बाद ठगों ने उनसे दो हजार रुपये निवेश करवाए और बदले में 2700 रुपये वापस किए। इसे ट्रेडिंग का नाम देकर ठगों ने बड़े निवेश के लिए कहा। अगले दिन ठगों ने अंकुश को बताया कि एक एग्जीक्यूटिव कॉल फ्री है, जिसमें पांच रुपये लगाने पर 6500 रुपये मिलेंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** ग्रेटर फरीदाबाद की आरपीएस सिटी में रविवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया। सेमिनार का उद्देश्य बढ़ती उम्र में होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूकता बढ़ाना और समय रहते सही इलाज की जानकारी देना रहा। सेक्टर-16 स्थित निजी अस्पताल के सहयोग से सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टरों ने बुजुर्गों से जुड़ी आम लेकिन गंभीर बीमारियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने न सिर्फ जानकारी हासिल की, बल्कि अपने स्वास्थ्य से जुड़े सवाल भी विशेषज्ञों के सामने रखे।

# गैस की कालाबाजारी... रेट 400 रुपये किलो पहुंचे



**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में गैस की किल्लत से आम जनता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में छोटे दुकानदारों के माध्यम से गैस की कालाबाजारी का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इस अवैध धंधे का असर कीमतों पर साफ देखा जा सकता है।

कुछ ही दिनों पहले जो गैस 300 रुपये प्रति किलो के भाव से मिल रही थी, अब कालाबाजारी करने वालों ने उसकी कीमत बढ़ाकर 400 रुपये प्रति किलो कर दी है। अचानक हुई इस भारी वृद्धि ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ कर रख दिया है। लोगों को मजबूरी में गैस भरवानी पड़ रही है।

फरीदाबाद एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां बड़ी संख्या में कामकाजी लोग और प्रवासी मजदूर निवास करते हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के पास स्थायी गैस कनेक्शन की सुविधा नहीं है, जिसके कारण वे पूरी तरह से पांच किलो वाले छोटे सिलिंडरों पर निर्भर रहते हैं। लोगों का कहना है कि पहले प्रशासन की सख्ती की वजह से गैस मिलने में दिक्कत हो रही थी, जिसका फायदा उठाकर दुकानदारों ने पहले दाम 100 से बढ़ाकर 300 रुपये किए और अब यह 400 के पार पहुंच गए हैं। कालाबाजारी करने वाले लोग बाजार में गैस को मनमुताबिक कीमत में दे रहे हैं, ताकि मजबूरी में लोग ऊंचे दामों पर गैस खरीदने को तैयार हो जाएं। लोगों का कहना है कि कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही बाहर के लोगों को गैस मुहैया करवानी चाहिए। दुकानों पर गैस 400 रुपये किलो मिल रही है। अगर गैस सरकार उपलब्ध करवा दे तो हम लोगों को कुछ हद तक राहत मिले। -अरुण कुमार

पिछले दो तीन दिन से दुकानदारों ने गैस के दाम बढ़ाकर 400 रुपये प्रति किलो कर दिए हैं। इतने रुपये में पहले पूरा सिलिंडर भर जाता था।

# स्वच्छता सर्वेक्षण, हर वार्ड में ट्रैक्टर-ट्रॉली और कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

नगर निगम फरीदाबाद (एमसीएफ) ने शहर में सफाई व्यवस्था सुधारने और स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग बेहतर करने के लिए सभी पांच जोन में विशेष सफाई अभियान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत बल्लभगढ़, बड़खल और ओल्ड फरीदाबाद समेत विभिन्न इलाकों में कचरा उठान और हॉट स्पॉट खत्म करने पर फोकस किया जाएगा। यह अभियान अगले छह महीने तक चलेगा।




शहर के कई हिस्सों में लंबे समय से कचरे के ढेर और अधिक गंदगी की समस्या बनी हुई है। खासकर खाली प्लॉट, ग्रीन बेल्ट और सड़कों के किनारे नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब निगम ने इन जगहों की पहचान कर सफाई व्यवस्था को डिवीजन स्तर पर मजबूत करने का काम शुरू किया है।

अभियान के तहत हर वार्ड में ट्रैक्टर-ट्रॉली और कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक टीम में एक ड्राइवर और चार हेल्पर होंगे जो सड़कों, गलियों, पार्कों और खाली प्लॉटों से कचरा उठाकर सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट और ट्रांसफर स्टेशन तक पहुंचाएंगे। कर्मचारियों के पास सफाई के लिए जरूरी उपकरण रखना अनिवार्य किया गया है ताकि काम नियमित और प्रभावी तरीके से हो सके। निगम का कहना है कि इस बार सफाई केवल मुख्य सड़कों तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि कॉलोनियों और अंदरूनी क्षेत्रों में भी नियमित कचरा उठान सुनिश्चित किया जाएगा।

### कचरा हॉट स्पॉट को खत्म करने पर रहेगा फोकस

इस विशेष अभियान के तहत सभी पांच जोन को कवर किया जाएगा और इसका फोकस कचरा हॉट स्पॉट को खत्म करने पर रहेगा। हर वार्ड में ट्रैक्टर-ट्रॉली और पांच सदस्यीय टीम तैनात की जाएगी जो नियमित रूप से कचरा उठान सुनिश्चित करेगी। छह महीने तक लगातार निगरानी के साथ सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि शहर के किसी भी हिस्से में कचरा जमा न हो।

### घर-घर से कचरा उठाने की प्रक्रिया तेज

सफाई व्यवस्था को स्थायी बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। इसके लिए वेंडरों का रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है ताकि हर घर से नियमित कचरा उठान हो सके। इसके साथ ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। नियमों का पालन नहीं करने वाले वेंडरों पर जुर्माना लगाने की तैयारी है वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।



# बिना आधार और जन्म प्रमाणपत्र के प्रवासी लोगों के बच्चों को विद्यालय में मिलेगा प्रवेश

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** शहर में रोजी-रोटी की तलाश में आए लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि राजकीय विद्यालयों में दाखिले के लिए अब अभिभावकों को जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अक्सर देखा गया है कि अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों में बसे मजदूरों के पास अपने बच्चों के पुख्ता दस्तावेज नहीं होते, जिसके कारण वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में नहीं करा पाते थे। लेकिन अब विभाग के नए आदेशों के अनुसार इन दस्तावेजों के अभाव में भी बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। जानकारी के अनुसार शहर में वर्तमान में करीब 7.5 लाख से अधिक प्रवासी लोग निवास कर रहे हैं। इस बड़ी संख्या में से लगभग 5 लाख लोग विभिन्न निजी कंपनियों में कार्यरत हैं, जबकि करीब 2.5 लाख लोग दिहाड़ी मजदूरी और अन्य छोटे-मोटे कार्यों के माध्यम से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इसमें 2.5 लाख वाला मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित था, क्योंकि पलायन और अस्थाई आवास के कारण उनके पास बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड जैसे जरूरी कागजात उपलब्ध नहीं थे। विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया के दौरान इन दस्तावेजों की मांग होने पर उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और कई बच्चे स्कूल जाने से रह जाते थे। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए विभाग ने तकनीकी स्तर पर भी तैयारी पूरी कर ली है। जारी आदेशों के अनुसार जिन बच्चों के पास कोई पहचान पत्र नहीं है, उनके लिए विभाग द्वारा एक अलग से एमआईएस पोर्टल तैयार किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से ऐसे बच्चों का पंजीकरण विशेष श्रेणी में किया जा सकेगा, जिससे उनका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।

# नीलम चौक पर लोगों ने बिल्डर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

जमीन उपलब्ध कराने के नाम पर कराए गए निवेश में देरी और अनिश्चितता से परेशान लोगों का गुस्सा रविवार को सड़कों पर दिखाई दिया। शहर के नीलम चौक और सेक्टर-15ए इलाके में निवेशकों ने एक निजी बिल्डर के खिलाफ विरोध दर्ज कराया और अपनी रकम को लेकर स्पष्ट जवाब की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि उन्होंने पलवल के दीघौट क्षेत्र में प्लॉट मिलने की उम्मीद में निवेश किया था। शुरुआत में परियोजना को लेकर भरोसा दिलाया गया लेकिन समय बीतने के साथ न तो जमीन का आवंटन हुआ और न ही निवेश की गई राशि वापस मिल सकी। इस स्थिति से कई परिवारों की आर्थिक योजना प्रभावित हुई है। निवेशकों के अनुसार आकर्षक योजनाओं और संभावित लाभ का हवाला देकर उनसे धनराशि जुटाई गई थी। कुछ समय तक संपर्क बना रहा लेकिन बाद में कोई खास अपडेट नहीं दिया गया। इससे असमंजस की स्थिति बनने के बाद लोगों ने अपने निवेश को लेकर सवाल पूछे तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।




इसी के चलते रविवार को बड़ी संख्या में लोग नीलम चौक पर एकत्र हुए और वहां से सेक्टर-15ए स्थित बिल्डर के निवास की तरफ पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया और उनकी शिकायतों को संबंधित स्तर पर पहुंचाने का भरोसा दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि निवेश से जुड़ी स्थिति स्पष्ट हो सके। उनका कहना है कि यदि समाधान में देरी होती है तो वे आगे भी विरोध जारी रख सकते हैं। वहीं इस मामले को लेकर बिल्डर से संपर्क नहीं हो सका।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन में सरकारी अस्पताल पीछे, निजी और एनजीओ सेक्टर ने संभाली कमान

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।**

सरकारी अस्पतालों में मोतियाबिंद के ऑपरेशन की आधुनिक सुविधाएं नहीं होने से लोग ऑपरेशन कराने से कतराते हैं, यही कारण है कि सरकारी से अधिक निजी अस्पतालों में लोग ऑपरेशन को तवज्जो दे रहे हैं।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार जिले में अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक कुल 63,074 मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष में अब तक 42,206 ऑपरेशन ही हो सके हैं। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेशन करने में निजी अस्पताल और एनजीओ सेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि सरकारी अस्पतालों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही है। आंकड़ों के मुताबिक सरकारी अस्पतालों को 12,615 ऑपरेशन का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन वे केवल 2,922 ऑपरेशन ही कर पाए। वहीं निजी अस्पतालों ने 37,844 के लक्ष्य के मुकाबले 22,598 ऑपरेशन किए। एनजीओ सेक्टर ने 12,615 के लक्ष्य के सापेक्ष 16,686 ऑपरेशन कर बेहतर प्रदर्शन किया और लक्ष्य से अधिक कार्य पूरा किया।

**सबसे अधिक डॉ. अनीता ने किया ऑपरेशन:** सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो डॉ. अनीता सिंह ने सबसे अधिक 850 ऑपरेशन किए। इसके बाद डॉ. नरेन्द्र कुमार ने 578, डॉ. स्वाति खोखर ने 507, डॉ. प्रताप सिंह ने 369 और डॉ. सुचिता ने 351 ऑपरेशन किए। अन्य चिकित्सकों में डॉ. मदन लाल ने 89, डॉ. नदीम ने 88, डॉ. अतुल आनंद ने 48 और डॉ. हर्ष वर्धन ने सबसे कम सिर्फ 42 ऑपरेशन किए हैं।



संयुक्त अस्पताल के पूर्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में संसाधनों और स्टाफ की कमी के कारण लक्ष्य पूरा करने में बाधा आ रही है, जबकि निजी और एनजीओ सेक्टर ने बेहतर प्रबंधन के चलते अधिक मरीजों को लाभ पहुंचाया है।

इस मामले में कार्यवाहक सीएमओ डॉ. अमित विक्रम का कहना है कि जिन चिकित्सकों के ऑपरेशन कम हुए हैं, उन्हें नोटिस जारी कर कारण पूछा जाएगा। इसके साथ ही ऑपरेशन को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# रिकॉर्ड में निकला सिलिंडर, उपभोक्ता को मिला नहीं... फिर कौन खा रहा हक

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** पीएनजी लगने, पलायन या अन्य कारणों से गैस सिलिंडर की जरूरत नहीं पड़ रही, लेकिन उनके नाम पर सिलिंडर लगातार निकल रहे हैं। ऐसा एक-दो नहीं, बल्कि हजारों उपभोक्ताओं के साथ हो रहा है। ये मामले इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध की स्थिति से हुई गैस की किल्लत के बाद पकड़ मे आ रहे हैं। खास बात यह है कि जैसे ही जरूरत पड़ती है और उपभोक्ता सिलिंडर बुक कर एजेंसी पर पहुंचते हैं तो उन्हें केवाईसी के नाम पर टाल दिया जाता है। कई एजेंसियों पर सर्वर ठप बताकर केवाईसी प्रक्रिया में एक सप्ताह या उससे अधिक का समय लगाया जा रहा है। नकद में हो रहा भुगतान : गोविंदपुरम निवासी आदेश शर्मा ने बताया कि उनके नाम से जो सिलिंडर निकाले जा रहे हैं, उनका भुगतान नकद दिखाया जा रहा है, जबकि वह खुद हमेशा ऑनलाइन पेमेंट करते हैं। इससे साफ है कि कोई दूसरा व्यक्ति उनके कनेक्शन का दुरुपयोग कर रहा है और कार्रवाई से बचने के लिए कैश का सहारा ले रहा है। वहीं, गंगाविहार कॉलोनी निवासी महावीर चौधरी ने बताया कि लंबे समय से पीएनजी इस्तेमाल कर रहे हैं। जरूरत पड़ने पर जब सिलिंडर बुक करने की कोशिश की तो एजेंसी ने केवाईसी का हवाला देकर रोक दिया।



## ऋतिक रोशन की रामायण विएफएक्स पर क्या है राय

ऋतिक रोशन ने हाल ही में रामायण के वीएफएक्स को लेकर चल रही बहस पर अपनी राय रखी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखकर दर्शकों से अपील की कि किसी भी फिल्म पर राय बनाने से पहले उसके पीछे के इरादे और मेहनत को समझना जरूरी है। ऋतिक ने माना कि फिल्ममेकर्स को भी किसी प्रोजेक्ट से जुड़ा कंटेंट जारी करने से पहले पूरा समय लेना चाहिए, ताकि दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। इस दौरान एक फैन ने उनकी फिल्म वार 2 के वीएफएक्स पर सवाल उठाया, जिस पर अभिनेता ने संतुलित प्रतिक्रिया दी। हालांकि ऋतिक ने सीधे तौर पर 'वॉर 2' का बचाव नहीं किया, लेकिन उनके जवाब से यह साफ हुआ कि वह क्रिएटिव प्रोसेस और दर्शकों की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने में विश्वास रखते हैं। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इसे काफी सराह रहे हैं।



## मै आज जो भी हूं, मां की वजह से हूं : करिश्मा

90 के दशक की सुपरहिट एक्ट्रेस और कपूर खानदान से ताल्लुक रखने वाली करिश्मा कपूर के लिए फिल्मी सफर फूलों की सेज नहीं था। शुरूआती दौर में करिश्मा को इंडस्ट्री की कई कठिन चुनौतियों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। करिश्मा का मानना है कि इन मुश्किल हालातों में उनकी मां बबीता उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बनीं। आज अपनी शानदार कामयाबी और टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार होने का पूरा श्रेय करिश्मा अपनी मां के अटूट साथ और संघर्ष को देती हैं। करिश्मा कपूर ने खुलकर बताया कि कैसे उनकी मां बबिता ने हर मुश्किल वक्त में उनका साथ दिया और उन्हें मजबूत बनाया। करिश्मा कपूर हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के एक खास एपिसोड में नजर आईं। इस दौरान शो के होस्ट आदित्य नारायण ने उनकी मां बबिता का जिक्र करते हुए कहा कि करिश्मा के करियर में उनका काफी सपोर्ट रहा है। उनकी मां ही असली सुपरस्टार हैं। यह सुनकर करिश्मा इमोशनल हो गई। भावुक होते हुए करिश्मा ने कहा, 'मेरी मां मेरे लिए भगवान जैसी हैं। मैं जो भी हूं, मां की वजह से हूं। यूं तो परिवार के सभी लोगों ने मेरा साथ दिया, लेकिन मेरी मां ने मुझे जो आत्मविश्वास और संस्कार दिए...



# सहर बंबा ने कहा कम्फर्ट और पर्सनैलिटी ही मेरे लिए फैशन

आर्यन खान के सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस सहर बंबा ने कहा कि वह इंटरनेट पर फैशन और खुद को फैशन एक्सपर्ट बताने वालों के साथ ही ट्रोलर्स का भी बिल्कुल प्रेशर नहीं लेतीं।

एक फैशन इवेंट के एडिशन में शिवानी निरुपम के लिए शो स्टॉपर रूप में रैंप वॉक करती हुई सहर बंबा आईं, जहां उन्होंने आईएएनएस से ने विचार साझा किए। वह फैशन के ? इस सवाल के जवाब में सहर ने कहा, बार घर से निकलते समय यह सोचते रहेंगे रे ड्रेस सेंस या फैशन को देखकर कोई कुछ लिख देगा या ट्रोल करेगा, तो आप खुद पर बेवजह बहुत ज्यादा प्रेशर डाल रहे हैं। यह सच्चाई है कि लोग कमेंट करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इंसान को बस साफ-सुथरा और प्रेजेंटेबल दिखना चाहिए। मैं खुद इस बात का बिल्कुल भी प्रेशर नहीं लेती।'


ब्रांडेड कपड़ों पर खर्च करने के बारे में पूछे जाने पर सहर बंबा ने बताया, 'मैं बिल्कुल भी ब्रांड कॉन्शस नहीं हूं। जब मुझे कोई चीज पसंद आ जाती है, खासकर छुट्टियों या सफर के दौरान, तो मैं उसे खरीद लेती हूं। जो दिल को अच्छा लगे, वही मेरे लिए फैशन है। मेरी पसंद ऐसी ही है।'

अपने फैशन स्टाइल के बारे में उन्होंने बताया, 'मेरे लिए फैशन का मतलब है कम्फर्ट। वो कपड़े जो मेरी पर्सनैलिटी का हिस्सा हों और जिनमें मुझे बहुत ज्यादा मेहनत न करनी पड़े। फैशन वो नहीं होना चाहिए जिसके लिए आपको रोजाना परेशान होना पड़े।'

रैंप वॉक से पहले बैकस्टेज के अनुभव पर बात करते हुए सहर ने कहा कि वह शुरू में बहुत नर्वस थीं। उन्होंने बताया, 'मैं ज्यादातर बैकस्टेज ही रहती हूं, लेकिन जैसे ही रैंप पर कदम रखती हूं और म्यूजिक बजता है, मुझे अच्छा महसूस होने लगता है। इस बार का कलेक्शन बहुत खूबसूरत है। गर्मियों का कलेक्शन होने की वजह से इसमें हल्के और सुंदर रंग हैं। मुझे अपना आउटफिट बहुत पसंद आया।'

## दूसरी बार मां बनी सोनम ने माना हॉस्पिटल की टीम का आभार

हाल ही में दूसरी बार मां बनी अभिनेत्री सोनम कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी दो खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की, और बेहतरीन काम के लिए अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम पर सोनम ने लिखा कि उनके दूसरे बेटे के जन्म के दौरान हॉस्पिटल ने पूरे अनुभव को यादगार और अविश्वसनीय बना दिया। सोनम कपूर ने अपनी पोस्ट में अस्पताल की पूरी टीम का विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, 'डॉक्टर ने मेरी दोनों प्रेग्नेंसी के दौरान मेरी देखभाल व मार्गदर्शन किया। उनकी देखभाल में एक ऐसा भरोसा, शांति और आश्वासन महसूस होता है, जो बहुत कम देखने को मिलता है। मैं उनके सहयोग, समझदारी और विनम्रता के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।' सोनम ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा, 'आप सभी ने न सिर्फ पेशेवर तरीके से काम किया बल्कि अपनी कोमलता, सहानुभूति और सच्ची परवाह से उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया। अस्पताल में हमेशा ऐसी उम्मीद नहीं की जाती, लेकिन ऐसा ही होना चाहिए। इसी बात ने इस अनुभव को इतना यादगार बना दिया।' उन्होंने अस्पताल की चेयरपर्सन नीता अंबानी का भी शुक्रिया अदा किया और लिखा, 'नीता आंटी ने जो कुछ बनाया है, वह सचमुच कमाल का है, एक ऐसी जगह जहां बेहतरीन सेवा और करुणा का अद्भुत मेल देखने को मिलता है।' पोस्ट के अंत में सोनम ने लिखा, 'मैं बहुत ज्यादा आभारी, सुरक्षित और धन्य महसूस कर रही हूं। हमारी देखभाल करने वाली इस बेहतरीन टीम की मैं हमेशा आभारी रहूंगी, यहां का अनुभव मेरे लिए बेहद खास रहा।' सोनम कपूर ने बीते साल नवंबर में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और सोशल मीडिया पर 29 मार्च को किए पोस्ट में बताया कि अब दो बच्चों की मां बन चुकी हैं। सोनम ने पोस्ट में खुशी जाहिर करते हुए लिखा था, 'बेहद शुक्रगुजार और प्यार से भरे दिलों के साथ, हमें 29 मार्च को अपने बेटे के आने की खुशखबरी सुनाते हुए बहुत खुशी हो रही है।





## सीएसके की तीसरी हार से निराश ऋतुराज बोले, मुझे बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिये थी

**चेन्नई, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल के 19 सत्र की शुरूआत अच्छी नहीं रही है और उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। सीएसके को अपने तीसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में हार मिली है। इससे टीम के युवा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ निराश हैं। ऋतुराज ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि मुझे अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। साथ ही कहा कि अगर मैंने रन बना दिए होते तो मैच का परिणाम कुछ और होता पर ऐसा हुआ नहीं। इस मैच में आरसीबी से मिले 250 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 207 रन ही बना पायी। हार के बाद उन्होंने कहा, 'मैं भी टीम केप्रदर्शन से थोड़ा हैरान था। सरफराज खान, प्रशांत वीर और जेमी ओवरटन ने अच्छा खेल दिखाया। वहीं अगर मैंने शीर्ष क्रम में रन बनाये होते तो हम लक्ष्य हासिल कर सकते थे। इसलिए आरसीबी के खिलाफ मिली हार की जिम्मेदारी मैं अपने ऊपर लेता हूं। इस मैच में हमारी टीम ने जिस प्रकार विराट कोहली का कैच छोड़ा उससे भी हमें नुकसान हुआ।



## इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन अभी कुछ समय मैदान से दूर रहेंगे

**लंदन, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन चोटिल हो गये हैं और ऐसे में आने वाले टूर्नामेंटों में उनका खेलना संदिग्ध नजर आता है। केन को अभ्यास सत्र के दौरान यह चोट लगी थी। इसी कारण उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से दूर रहना पड़ सकता है क्योंकि प्रबंधन उनकी वापसी को लेकर कोई खतरा नहीं उठाना चाहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केन के टखने में चोट लगी है, जिसकी वजह से वह अहम वाले मुकाबलों से बाहर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन को यह चोट अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। इसी कारण वह एक मैत्री मैच में भी नहीं खेल सके। इसके अलावा एक अन्य मुकाबले में आराम दिया गया था, जिससे उनकी फिटनेस को लेकर पहले ही प्रशंसकों को आशंका हो गयी थी। वहीं उनक क्लब के मुख्य कोच ने कहा है कि वह अगले घरेलू लीग मुकाबले में नहीं रहेंगे। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई है कि हेरी शीघ्र ही वापसी करेंगे। वह अंतरराष्ट्रीय क्लब टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसमें उनकी भूमिका निर्णायक हो सकती है। केन का इस सीजन का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उन्होंने क्लब और राष्ट्रीय टीम की ओर से काफी गोल किये हैं। ऐसे में उनके बार रहने से टीम को नुकसान पहुंचेगा। आने वाले माह में विश्व स्तर का बड़ा टूर्नामेंट भी होना है, ऐसे में टीम प्रबंधन चाहत ही हैरी को पर्याप्त आराम दे दिया जाये जिससे कि वह तय समय तक फिट हो जायें।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# यूएई में ईरानी हमले में तीन पाकिस्तानी नागरिक घायल, पीएम शहबाज ने जताई चिंता

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



संयुक्त अरब अमीरात के खोर फक्कन पोर्ट पर ईरान ने हमला किया। एक मिसाइल इंटरसेप्शन में तीन पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को यूएई में हुई इस घटना पर चिंता जताई।

बता दें, अमेरिका और इजरायल की तरफ से हमला किए जाने के बाद ईरान ने गल्फ देशों में यूएस-इजरायली संपत्तियों और बेसों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, 'यूएई के खोर फक्कन पोर्ट पर हुई घटना से बहुत चिंतित हूं, जहां एक इंटरसेप्टेड प्रोजेक्टाइल से पाकिस्तानी नागरिकों सहित आम लोगों को चोटें आईं।'

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की और कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को हर मुमकिन मदद देने के लिए यूएई अधिकारियों के साथ करीबी संपर्क में है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'पाकिस्तान यूएई के भाईचारे वाले लोगों के साथ समर्थन में खड़ा है और इस क्षेत्र में संयम और तनाव कम करने की तुरंत जरूरत को दोहराता है।'

फक्कन पोर्ट पर हुई इस घटना के बारे में संयुक्त अरब अमीरात की शारजाह मीडिया ने एक्स पर बताया कि खोर फक्कन पोर्ट पर 5 अप्रैल को हुई घटना के बाद अब की स्थिति को लेकर अधिकारियों ने आग लगने की पुष्टि की। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमों ने तुरंत हालात पर काबू पाने के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के बाद कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है।

यूएई की मीडिया ने बताया कि ईरान की तरफ से किए गए इस हमले में नेपाल का एक व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा तीन पाकिस्तानी नागरिकों को हल्की-फुल्की चोटें आईं।

इसके साथ ही शारजाह सिटी के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे सिर्फ आधिकारिक सोर्स से ही जानकारी लें और अफवाहें या बिना सत्यापित जानकारी फैलाने से बचें।

रॉयटर्स के अनुसार, ईरान और अमेरिका के बीच तनाव को खत्म करने के लिए पाकिस्तान ने एक योजना तैयार की है। रायटर्स ने अपने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि पाकिस्तान ने दुश्मनी खत्म करने के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया था, जो रातों-रात आ गया।

यह दो-स्टेज वाले तरीके पर आधारित है, जिसकी शुरुआत तुरंत सीजफायर से होगी और उसके बाद एक पूरा समझौता होगा। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर न तो कोई पुष्टि हुई है और न ही कोई बयान सामने आया है।

## होर्मुज में बिछे मौत के जाल को काटने उतरेगी ब्रिटेन की रॉयल नेवी, पानी में उतरेंगे कमांडो

» लंदन, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



पश्चिम एशिया के होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव और समुद्री सुरक्षा पर मंडराते खतरों के बीच ब्रिटेन ने एक बड़ा रक्षात्मक कदम उठाया है। रॉयल नेवी ने अपनी सबसे घातक और विशेषज्ञ ईकाई, डाइविंग एंड थ्रेट एक्सप्लॉइटेशन ग्रुप को हाई अलर्ट पर रखा है। इस विशेष टीम का मुख्य उद्देश्य ईरान द्वारा समुद्र के भीतर बिछाई गई संभावित बारूदी सुरंगों (माइंस) को खोजना और उन्हें निष्क्रिय करना है। इस मिशन को दुनिया के सबसे जोखिम भरे सैन्य ऑपरेशनों में से एक माना जा रहा है, क्योंकि ये गोताखोर शून्य दृश्यता और गहरे पानी की खतरनाक परिस्थितियों में विस्फोटकों के साथ काम करते हैं।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, कमांडो नाव, पैराशूट या मिनी-सबमरीन के जरिए लक्षित क्षेत्र तक पहुँचने में सक्षम हैं। ये मिनी-सबमरीन लगभग 50 किलोमीटर के दायरे में ऑपरेट कर सकती हैं और अत्याधुनिक एस्ट्यूट क्लास पनडुब्बियों के साथ मिलकर काम करती हैं। इन गोताखोरों को न केवल बम निरोधक कार्यों में महारत हासिल है, बल्कि उन्हें काउंटर-टेरर ऑपरेशनों के लिए स्पेशल बोट सर्विस के साथ तालमेल बिठाने का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री माइंस का खतरा वैश्विक व्यापार के लिए अत्यंत गंभीर है। अनुमान है कि ईरान के पास लगभग 5,000 समुद्री माइंस का भंडार है, जो जहाजों के संपर्क में आने, चुंबकीय खिंचाव या ध्वनि संकेतों के माध्यम से विस्फोट कर सकती हैं। इनमें से कुछ माइंस समुद्र तल पर टिकी होती हैं, जो ऊपर से गुजरने वाले जहाज पर रॉकेट की तरह हमला करती हैं, जबकि कुछ सतह के ठीक नीचे तैरती रहती हैं। सबसे घातक वे माइंस हैं जिन्हें बिछाने के कई दिनों बाद सक्रिय किया जाता है, जिससे उनके स्थान का पता लगाना लगभग असंभव हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### व्हाइट हाउस के बाहर फायरिंग से हड़कंपः सुरक्षा घेरे में बड़ी सेंध के बाद अमेरिका में हाई अलर्ट

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी का सबसे सुरक्षित माना जाने वाला इलाका रविवार को उस वक्त गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा, जब राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस के ठीक सामने स्थित लाफायेट पार्क के पास फायरिंग की घटना हुई। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ईरान के साथ युद्ध की स्थिति में है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंताएं कई गुना बढ़ गई हैं। हालांकि, इस गोलाबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन हमलावर फायरिंग के बाद मौके से फरार होने में कामयाब रहा। सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस अब संदिग्ध व्यक्ति और उसके वाहन की तलाश में जुटी है।

### अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान में छह बच्चों की मौत

**मास्को, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** ईरान के तेहरान प्रांत पर रात भर चले अमेरिकी और इजरायली हमलों में कम से कम छह बच्चों की मौत हो गयी है। प्रेस टीवी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया है कि तेहरान के आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार चार बच्चियों और दो बच्चों की मौत हुई, जिनकी उम्र 10 साल से कम थी। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले शुरू किये थे, जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जानें गयीं। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहा है।

### इजरायल के तेल अवीव में सुनी गयीं जोरदार धमाकों की आवाजें

**तेल अवीव, यूटर्न/ 06 अप्रैल।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजरायल के तेल अवीव क्षेत्र में जोरदार धमाके सुने गये हैं। इससे पहले ईरान की ओर से हुए मिसाइल हमले के कारण शहर और मध्य इजरायल में 15 मिनट के भीतर तीन बार हवाई हमले के सायरन बजे। धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं, जो संभवतः हवाई रक्षा प्रणालियों से हुई थीं। अभी तक मिसाइल गिरने या किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट की है आशंका: मेलोनी

» रोम, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 'कोरिरे डेला सेरा' अखबार ने शनिवार को इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किये गये पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। सुश्री मेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, ' जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जायेंगी।

सुश्री मेलोनी ने आगाह किया, 'अगर स्थिति और खराब होती है तो हम ऐसी स्थिति में पहुंच सकते हैं, जहां हमारे पास जरूरत भर ऊर्जा उपलब्ध न हो, यहां तक कि इटली में भी। शुक्रवार और शनिवार को सुश्री मेलोनी ने फारस की खाड़ी के देशों का दौरा किया। उनके अनुसार, ये देश इटली की तेल आवश्यकताओं का 15 प्रतिशत हिस्सा पूरा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया, 'मैंने उनके साथ चर्चा की कि कैसे सहयोग मजबूत किया जाये, तनाव रोकने में मदद की जाये और उन रास्तों पर नौवहन की स्वतंत्रता को तेजी से बहाल किया जाये, जिन पर ऊर्जा, व्यापार और स्थिरता निर्भर करती है, जिसकी शुरुआत होर्मुज जलडमरूमध्य से होती है। अट्ठाइस फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किये थे, जिससे काफी नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए। ईरान इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहा है। बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक तेल और एलएनजी के लिए प्रमुख आपूर्ति मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाले शिपिंग को लगभग रोक दिया है। इसके परिणामस्वरूप अधिकतर देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

## ट्रंप की धमकी से होर्मुज स्ट्रेट पर बढ़ा संकट, तेल कीमतों में आया उछाल

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



ईरान के साथ-साथ होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक ऊर्जा बाजार और आपूर्ति श्रृंखलाएं दबाव में आ रही हैं। तेल की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जहाजरानी मार्गों में से एक पर व्यवधान की आशंकाएं बढ़ रही हैं।

सीएनएन के अनुसार, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा न खोलने पर ईरानी ऊर्जा केंद्रों पर हमले की धमकी के बाद रविवार को तेल की कीमतों में तेजी आई।'

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ब्रेंट क्रूड 1.4 प्रतिशत बढ़कर 110.60 डॉलर हो गया, जबकि अमेरिकी क्रूड 1.8 प्रतिशत बढ़कर 113.60 डॉलर हो गया है।

ईरान और ओमान के बीच स्थित संकरा जलमार्ग होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक तेल व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। यहां किसी भी प्रकार की व्यवधान का बाजारों पर तत्काल प्रभाव पड़ता है।

वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हर साल इस स्ट्रेट से होकर गुजरता है, जिससे यह दुनिया के सबसे रणनीतिक रूप से संवेदनशील चोकपॉइंट्स में से एक बन गया है।

मौजूदा गतिरोध ने पहले ही जहाजरानी प्रवाह को बाधित करना शुरू कर दिया है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बहरीन के विदेश मंत्री ने कहा, 'ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों के आवागमन में बाधा डालने से टैंकरों का आवागमन 90 प्रतिशत से अधिक कम हो गया है और अब यह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा बन गया है। इसका प्रभाव केवल ऊर्जा बाजारों तक ही सीमित नहीं है। समुद्री व्यापार में व्यवधान से खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखलाएं भी प्रभावित हो रही हैं।' बहरीन के मंत्री ने कहा कि संकट जहाजों को होने वाले शुरूआती खतरों से कहीं आगे बढ़ गया है और अब वैश्विक स्थिरता के लिए एक व्यापक खतरा पैदा कर रहा है। इसके परिणाम अब केवल ऊर्जा बाजारों तक ही सीमित नहीं हैं। बाजार में अस्थिरता ईंधन की कीमतों में पहले से ही दिखाई दे रही है।

## पेट्रोलियम की बढ़ती कीमतों और महंगाई के खिलाफ सिंध में कफन पहन कर प्रदर्शन

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 06 अप्रैल।



पेट्रोलियम की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ पाकिस्तानी अवाम सड़क पर उतर आई है। कराची, जैकबाबाद, हैदराबाद, सुक्कुर और सिंध प्रांत के अलग-अलग हिस्सों में लोगों ने प्रदर्शन किया और रैलियां निकालीं।

सुक्कुर में सिंध यूनाइटेड पार्टी (एसयूपी) ने रविवार को स्थानीय प्रेस क्लब के बाहर प्रदर्शन किया। पाकिस्तान के जाने-माने अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कफन पहनकर प्रदर्शन में हिस्सा लिया और भूख हड़ताल पर बैठे। इस दौरान एसयूपी के नेता ईदन जगिरानी ने पेट्रोल कीमत में बढ़ोतरी की आलोचना करते हुए कहा कि 'महंगाई का जिन्न' बाहर आ गया है, जिससे मजदूर वर्ग के लिए जरूरी खाने का सामान खरीदना भी मुश्किल हो गया है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं ने भी प्रेस क्लब में ही प्रदर्शन किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता गौहर खान खोसो ने कहा कि पेट्रोल की कीमत 378 प्रति पीकेआर (पाकिस्तानी रुपए) लीटर कर दी गई है और चेतावनी दी कि अगर सरकार ने तुरंत राहत नहीं दी और गैर-जरूरी टैक्स खत्म नहीं किए तो प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

वहीं, 'अवामी तहरीक' ने सुक्कुर में तीर चौक से घंटा घर तक एक रैली निकाली, जिसके बाद धरना दिया गया। पार्टी के नेता अहमद कटियार और वकील सरवन जटोई ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह पेट्रोल की कीमत 378 पीकेआर और डीजल की कीमत 520 पीकेआर प्रति लीटर करने के लिए पश्चिम एशिया विवाद का बहाना बना रही है। पार्टी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह की आलोचना करते हुए सब्सिडी घोषणाओं को 'दिखावटी उपाय' बताया।

इसी तरह, नेशनल ट्रेड यूनियन फेडरेशन पाकिस्तान (एनटीयूएफ) और होम-बेस्ड विमेन वर्कर्स फेडरेशन (एचबीडब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने कराची में मिलकर प्रदर्शन किया, जिसमें मजदूरों और अलग-अलग राजनीतिक और मानवाधिकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। हिस्सा लेने वालों ने पेट्रोलियम लेवी खत्म करने और मौजूदा महंगाई के हिसाब से बढ़ोतरी की मांग वाले प्लेकार्ड ले रखे थे।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, नासिर मंसूर और जहरा खान समेत लेबर नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और वर्ल्ड बैंक के आर्थिक ढांचों को खारिज कर दिया और सरकार से विदेशी कर्ज की अदायगी टालने और अधिकारियों के लिए मुफ्त ईंधन का हक वापस लेने की अपील की। आम इंसान तहरीक ने यह दिखाने के लिए एक साइकिल रैली निकाली कि जैकबाबाद में मोटर वाले ट्रांसपोर्ट तक पहुंचने में लोगों को कैसे दिक्कतें आ रही हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *